बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

## आदेश

**संoसंo–9/विविध–13–01/2025(स्वाo) ...................../ पटना, दिनांकः–...............................**

डॉ० अबु अकरमा, विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी, अनुमंडलीय अस्पताल, जय नगर, मधुबनी द्वारा आवेदन समर्पित कर अवगत कराया गया है कि विभागीय अधिसूचना सं०–804(2) दिनांक–29.07.2020 के द्वारा विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी, अनुमंडलीय अस्पताल, जय नगर, मधुबनी के पद पर पदस्थापित किया गया है। जिसके अनुपालन में उक्त पद पर योगदान समर्पित किया गया है। पारिवारीक एवं घरेलू समस्या के कारण दिनांक–18.03.2021 से अवकाश संबंधित आवेदन के बिना अवकाश में चले गये। दिनांक–18.11.2021 को पुनः योगदान हेतु आवेदन समर्पित किया गया। उनका योगदान नहीं हो सका। अतः डॉ० अकरमा के द्वारा उक्त पदस्थापित स्थान पर योगदान कराने हेतु अनुरोध किया गया है।

2. डॉ० अबु अकरमा द्वारा योगदान करने हेतु किये गये अनुरोध के समीक्षोपरांत डॉ० अबु अकरमा का आवेदन को स्वीकार करते हुए पूर्व पदस्थापित स्थान पर योगदान कराने का निर्णय लिया गया है।

3. सिविल सर्जन, मधुबनी को निदेशित किया जाता है कि डॉ० अबु अकरमा को निर्गत आदेश के आलोक में योगदान स्वीकार करते हुए उन्हें पूर्व पदस्थापित स्थान का प्रभार ग्रहण कराया जाय। डॉ० अबु अकरमा का योगदान करने की सूचना अविलंब विभाग को अवगत कराना सुनिश्चित किया जाय।

4. डॉ० अबु अकरमा, विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी, अनुमंडलीय अस्पताल, जय नगर, मधुबनी के विरूद्ध अनधिकृत अनुपस्थिति का आरोप गठित कर विभागीय ज्ञापांक–1355(9) दिनांक–26.12.2024 द्वारा स्पष्टीकरण की माँग की गयी है। तत्पश्चात् विभागीय कार्यवाही संचालित कर आलोच्य अवधि पर निर्णय लिया जाएगा।

5. इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह०/–

(उपेन्द्र राम)

**सरकार के अवर सचिव।**

**ज्ञापांक–9/विविध–13–01/2025(स्वा0) 169(9)/ पटना, दिनांकः– 25.2.25**

**प्रतिलिपिः**–महालेखाकार, (ले0 एवं हक0) बिहार, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, मधुबनी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, दरभंगा प्रमण्डल, दरभंगा/सिविल सर्जन, मधुबनी को निदेशित किया जाता है कि डॉ० अबु अकरमा के कर्त्तव्य पर योगदान करने से संबंधित प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें।

**प्रतिलिपिः**–डॉ० अबु अकरमा, विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी, अनुमंडलीय अस्पताल, जय नगर, मधुबनी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–माननीय मंत्री स्वास्थ्य के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग के आप्त सचिव/निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाऐं बिहार पटना/अपर सचिव, स्वास्थ्य विभाग/प्रभारी प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–2, 3, 7, 8, 17 एवं 18A स्थापना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि**–आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को विभागीय वेबसाइट में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

25/02/2025

**सरकार के अवर सचिव।**